प्रेषक,

अपर मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
पीलीभीत, उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्याः SPMU/NUHM/Ins. Report/2019-20/12/1361 दिनांकः 13.05.2019

**विषयः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा किये गये भ्रमण के सम्बंध में।**

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 24 से 27 अप्रैल 2019 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था तथा भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु आवश्यक सुझाव दिये गये (भ्रमण आख्या संलग्न)।

आपको निर्देशित किया जाता है कि राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा पायी गयी कमियों का निराकरण कराते हुये अनुपालन आख्या 01 सप्ताह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीया

(श्रुति)
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्याः SPMU/NUHM/Ins. Report/2019-20/12 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक, परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय उत्तर प्रदेश।
3. जिलाधिकारी, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बरेली मण्डल, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
6. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक/अरबन हेल्थ कन्सल्टेंट, बरेली मण्डल, उत्तर प्रदेश।
7. जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक/शहरी स्वास्थ्य समन्वयक, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश।

(श्रुति)
अपर मिशन निदेशक

## जनपद पीलीभीत की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की भ्रमण आख्या

**भ्रमणकर्ता अधिकारी** :— श्री विनीत सिंह, सलाहकार, एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम., लखनऊ।
श्री राकेश वर्मा कार्यक्रम समन्वयक, एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम., लखनऊ।

**भ्रमण दिनांक** :— **24 अप्रैल से 27 अप्रैल , 2019**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– बीसलपुर**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रथम संदर्भन इकाई के रूप में चिन्हित है। स्वास्थ्य केन्द्र में औसतन 600 OPD प्रति दिन है। मार्च 2019 में 14 सिजेरियन प्रसव कराये गये।<br>• वर्तमान समय में चिकित्सालय में 04 चिकित्सक तैनात है जिसमें 01 महिला चिकित्सक जिला महिला चिकित्सालय में सम्बद्ध है।<br>• प्रसव कक्ष व्यवस्थित था प्रोटोकाल पोस्टर लगे थे तथा न्यु बोर्न केयर कार्नर स्थापित था। | |
| • जे0एस0एस0के0 अन्तर्गत प्रदान किये जाने वाला भोजन सभी लाभार्थियों को प्रदान नही किया जा रहा है। प्रसव पूर्व लाभार्थियों को भोजन नहीं दिया जा रहा था। डायट रजिस्टर पूर्ण नहीं था। स्टाफ द्वारा अवगत कराया गया कि रजिस्टर सेवा प्रदाता द्वारा भरा जाता है। भोजन हेतु बर्तन लाभार्थियों से मगाये जा रहे थे। | • जे0एस0एस0के0 अन्तर्गत प्रदान किये जाने वाला भोजन भर्ती लाभार्थियों को प्रसव पूर्व भी प्रदान किया जाय। डायट रजिस्टर चिकित्सालय के स्टाफ द्वारा भरा जाय |
| • इमरजेंसी रूम में कलर कोडेड बिन नहीं थी समस्त डिस्पोजल एक गत्ते में डाले जा रहे थे। हब कटर का उपयोग नही किया जा रहा था। इमरजेंसी के बाहर कलर कोडेडे बिन रखी थी परन्तु मानक के अनुसार उनका उपयोग नहीं किया जा रहा था। | • चिकित्सालय में कलर कोडेड बिन उपलब्ध कराये जाये तथा मानक के अनुसार इनका उपयोग किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। |
| • इमरजेंसी के बगल के Toilet के यूरेनल में पाइप नहीं था तथा बदबू आ रही थी। | • Toilet के यूरेनल में पाइप लगवाने तथा Toilet की सफाई कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • वार्ड में लाइट की Proper व्यवस्था नहीं थी चिकित्सालय में कई जगह वायरिंग के तार खुले लटक रहे थे। ओ0टी0 मे पंखा दिवाल पर लटक रहा था। | • वार्ड में लाइट की Proper व्यवस्था कराने चिकित्सालय में खुले तारों को सही कराये जाने तथा ओ0टी0 के पंखे को सही कराने का सुझाव दिया गया। |
| • चिकित्सालय में पर्याप्त आई0ई0सी0 प्रदर्शित थी , कुछ पुरानी आई0ई0सी0 लगी थी जिसे हटाये जाने की आवश्यकता है। | • चिकित्सालय में प्रदर्शित पुरानी आई0ई0सी0 को हटाये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • चिकित्सालय में एन0बी0एस0यू0 हेतु 03 स्टाफ नर्स तैनात है परन्तु एन0बी0एस0यू0 क्रियाशील नहीं है। चिकित्सालय में 03 रेडिएण्ट वार्मर है जिसमें से 01 प्रसव कक्ष में, 01 ओ0टी0 में में स्थापित है तथा 01 वार्मर खराब है। 01 फोटोथीरेपी मशीन है जो खराब है। | • चिकित्सालय में एन0बी0एस0यू0 क्रियाशील कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • चिकित्सालय में गमले रखे थे जिसमें पौधे लगे थे। परन्तु गमलों गन्दे थें। | • गमलो को गेरू से पोतने का सुझाव दिया गया |
| • ANC रजिस्टर maintain नही था। शुगर की जॉच नही की जा रही थी तथा लाभार्थियों को दी जा रही टी0टी0 की तिथि अंकित नहीं था। एच0आर0पी0 की लाइन लिस्टिंग उपलब्ध नहीं थी तथा फालोअप का कोई Mechanism नही था | • प्रसव पूर्व जॉच मानक के अनुसार करते हुए ANC रजिस्टर maintain करने का सुझाव दिया गया। |
| • ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई द्वारा भ्रमण प्रश्चात भ्रमण आख्या तैयार नहीं की जा रही है। | • ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई द्वारा किये जा रहे भ्रमण के पश्चात भ्रमण आख्या तैयार कर अधीक्षक के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किये जाने का सुझाव दिया गया। |

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • बायोमेडिकल वेस्ट एवं हाउसकीपिंग हेतु एजेंसी द्वारा सेवा प्रदान की जा रही है। बायोमेडिकल वेस्ट एजेसी द्वारा waste collection alternate day पर किया जाता है। | |
| • 102 एम्बूलेंस सेवा द्वारा Home to Hospital लाये गये लाभार्थियो की सूचना Hospital to Hospital रजिस्टर पर की जा रही थी। | • 102 एम्बूलेंस सेवा की सूचना निर्धारित प्रारूप पर कराये जाने का सुझाव दिया गया। |

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पूरनपुर**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रथम संदर्भन इकाई के रूप में चिन्हित है। स्वास्थ्य केन्द्र में औसतन 450 ओ0पी0डी0 प्रति दिन है। मार्च 2019 में 06 सिजेरियन प्रसव कराये गये। | |
| • चिकित्सालय में 03 चिकित्साधिकारी एम0बी0बी0एस0, 01 Dentist तैनात है तथा संविदा पर एक सर्जन तैनात है। चिकित्सालय में तैनात Anesthetist का माह अप्रैल 2019 में स्थानांतरण हो गया है। | |
| • अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि संविदा पर तैनात सर्जन डा0 सुधाकर पाण्डेय द्वारा ओ0पी0डी0 नहीं की जाती है। | • संविदा पर तैनात सर्जन से उनके टी0ओ0आर0 के अनुसार कार्य लिये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • प्रसव कक्ष में कुछ दिनों से पानी की सप्लाई बाधित है | • प्रसव कक्ष में पानी की सप्लाई की तत्काल व्यवस्था कराने जाने का सुझाव दिया गया। |
| • प्रसव कक्ष में न्यु बोर्न केयर कार्नर स्थापित नही है। अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि रेडिएण्ट वार्मर आ गया है उसे शीघ्र ही स्थापित करा लिया जायेगा। | • प्रसव कक्ष में मानक के अनुसार न्यु बोर्न केयर कार्नर तत्काल स्थापित कराने का सुझाव दिया गया |
| • कोल्ड चेन में 03 आई0एल0आर0 एवं 03 डीप फ्रीजर क्रियाशील है। केवल 01 में लागर लगा है। | |
| • चिकित्सालय के महिला Toilet में पानी टपकता है। | • चिकित्सालय के महिला Toilet को ठीक कराने का सुझाव दिया गया। |
| • जे0एस0एस0के0 अन्तर्गत प्रदान किये जाने वाला भोजन लाभार्थियों को प्रदान किया जा रहा है। डायट रजिस्टर पूर्ण नहीं था 18 अप्रैल 19 के बाद कोई इन्ट्री नहीं की गयी थी। स्टाफ द्वारा अवगत कराया गया कि डायट रजिस्टर सेवा प्रदाता द्वारा भरा जाता है। | • जे0एस0एस0के0 अन्तर्गत प्रदान किये जाने वाला भोजन का रजिस्टर पूर्ण कराने तथा डायट रजिस्टर को चिकित्सालय के स्टाफ द्वारा भरे जाने हेतु सुझाव दिया गया। |
| • 102 का रजिस्टर पूर्ण नहीं था दिनांक 25 .04.2019 की इन्ट्री नहीं थी। स्टाफ द्वारा अवगत कराया गया कि रजिस्टर डुयुटी रूम में नहीं रहता है। | • 102 का रजिस्टर में लाभार्थी के आने के पश्चात तुरन्त इन्ट्री कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • ए0एन0एम0 द्वारा टीका करण एवं ए0एन0सी0 किया जा रहा था। प्रसव पूर्व जॉच रजिस्टर में गर्भवती महिलाओं की बी0पी0 एवं अन्य जॉचें अंकित नहीं थी। फालोअप में आने वाली महिलाओं की इन्ट्री नहीं की जा रही थी। | • प्रसव पूर्व जॉच मानक के अनुसार सभी जॉच करते हुए ANC रजिस्टर Maintain करने का सुझाव दिया गया। |
| • विगत वर्ष 2018–19 में 5700 प्रसव के सापेक्ष 3325 लाभार्थियों का भुगतान किया गया 2375 लाभार्थियों का भुगतान लम्बित है। | • विगत वर्ष 2018–19 के लम्बित लाभार्थियों का भुगतान तत्काल कराये जाने का सुझाव दिया गया। |

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम– हमीरपुर, पूरनपुर

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • आर0बी0एस0के0 की टीम द्वारा हमीरपुर आगनबाडी केन्द्र पर परीक्षण किया जाना था। परन्तु आगनबाडी केन्द्र पर बच्चे नहीं होने के कारण टीम द्वारा दूसरे गॉव के केन्द्र का भ्रमण किया गया। जिसकी सूचना अधीक्षक एवं बी0पी0एम0 को नहीं दी गयी थी। | • टीम को परीक्षण की पूर्व सूचना 01 दिन पूर्व सम्बंधित केन्द्र पर देने व परीक्षण हेतु समय से पहुचने का सुझाव दिया गया। |
| • टीम के पास विजन चार्ट उपलब्ध नहीं था चिकित्सक द्वारा अवगत कराया गया कि टीम में आप्ट्रोमेट्रीस्ट नहीं होने के कारण बच्चों के आखों की जॉच नहीं की जा रही है। स्क्रीनिंग में caries के बच्चे पाये गये परन्तु चिकित्सक द्वारा उन्हे रेफर नहीं किया जा रहा था। | • टीम द्वारा बच्चों के ऑखों की जॉच करने तथा स्क्रीनिंग में caries के पाये गये बच्चों को रेफर करने का सुझाव दिया गया। |
| • टीम के पास दवाएं एवं ई0डी0एल0 नहीं थी | • टीम को दवाएं एवं ई0डी0एल0 उपलब्ध कराने का सुझाव प्रभारी चिकित्साधिकारी दिया गया। |
| • टीम का रजिस्टर Proper maintain नहीं किया जा रहा था बच्चों की लम्बाई गलत भरी जा रही थी। | • आर0बी0एस0के0 रजिस्टर को Proper maintain किये जाने का सुझाव दिया गया। |

ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस– रूरिया उपकेन्द्र सिमरा

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • सत्र स्थल पर एन0एम0एम0, आगनबाडी एव आशा उपस्थित थी तथा टीकाकरण किया जा रहा था। डुयू लिस्ट उपलब्ध थी जे0ई0 के अतिरिक्त समस्त वैक्सीन उपलब्ध थी । | |
| • सत्र स्थल पर प्रसव पूर्व जॉच हेतु गोपनीयता की व्यवस्था की गयी थी टीकाकरण किया जा रहा था। | |
| • टीकाकरण के दौरान ए0एन0एम0 द्वारा सही तरीके से message नही दिये जा रहे थे। | • ए0एन0एम0 द्वारा सही तरीके से message देने के संबंध मे बताया गया |
| • आगंनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा growth chart maintain नही किया जा रहा था। | • आगंनबाड़ी कार्यकत्री को growth chart maintain करने का सुझाव दिया गया। |
| • WIPS कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय रुरिया मे माह अप्रैल 2019 मे केवल 400 IFA Tablets दिनांक 25–04–2019 को उपलब्ध करायी गयी है। नोडल श्री राम निवास द्वारा बताया गया कि पूर्व मे IFA Tablets उपलब्ध नही थे।प्राथमिक विद्यालय रूरिया मे WIPS का कोई रजिस्टर उपलब्ध नही है। | • बी0पी0एम0, पूरनपुर को शिक्षा विभाग से समन्वय कर IFA Tablets की ससमय उपलब्धता सुनिश्चित कराने का सुझाव दिया गया। |

ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस– खनका , उपकेन्द्र– खनका

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • खनका उपकेन्द्र पर सत्र का आयोजन किया जा रहा था। उपकेन्द्र में बिजली कनेक्शन नहीं था। लाइट की कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नही थी। | • उपकेन्द्र में बिजली कनेक्शन कराने का सुझाव दिया गया। |
| • सत्र स्थल पर एन0एम0एम0 एवं आशा उपस्थित थी तथा टीकाकरण किया जा रहा था। डुयू लिस्ट | |

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| उपलब्ध थी। | |
| • सत्र स्थल पर प्रसव पूर्व जॉच हेतु अलग कमरे में व्यवस्था की गयी थी, परन्तु Examination Table पर मैट्रस नहीं था उसके स्थान पर बैनर बिछा था।<br>• लाभार्थियों के टीकाकरण काउन्टर फाईल उपलब्ध नहीं थे। | • Examination Table पर मैट्रस बिछाने का सुझाव दिया गया।<br>• लाभार्थियों के काउन्टर फाईल को ड्यू लिस्ट के अनुसार व्यवस्थित करने तथा उन्हे अपडेट करने का सुझाव दिया गया। |

**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुराना अस्पताल**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • स्वास्थ्य केन्द्र सरकारी भवन में संचालित है। भवन की स्थिति अच्छी नहीं थी। स्टाफ द्वारा अवगत कराया गया कि बरसात में छत से पानी टपकता है। | • स्वास्थ्य केन्द्र को किसी अन्य भवन मे स्थानान्तरित करने का सुझाव दिया गया |
| • स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक का पद रिक्त है तथा 01 फार्मासिस्ट, 01 स्टाफ नर्स , 01 एल0टी0 एवं 01 स्पोर्ट स्टाफ तैनात है। स्वास्थ केन्द्र के आच्छादित क्षेत्र में 03 ए0एन0एम0 तैनात है। | • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत आच्छादित जनसंख्या के आधार पर ए0एनएम0 की तैनाती का सुझाव दिया गया। |
| • ए0एन0सी0 रजिस्टर 1.4.19 के बाद से भरा नहीं गया है। | • ए0एन0सी0 रजिस्टर को update करने का सुझाव दिया गया। |
| • कलर कोडेडे बिन उपलब्ध नहीं है तथा बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था नहीं है। | • कलर कोडेडे बिन उपलब्ध कराने तथा बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था कराने का सुझाव दिया गया। |
| • स्वास्थ्य केन्द्र का माइक्रोस्कोप एवं बी0पी0 मशीन खराब है तथा आटो क्लेव, आक्सीजन सिलेण्डर एव Fire extinguisher उपलब्ध नहीं है | • राज्य स्तर से प्रेषित निर्देश के अनुसार स्वास्थ्य केन्द्र पर उपकरण की उपलब्धता यथाशीघ्र सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। |
| • चिकित्सालय में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। | • पीने के पानी की की उचित व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। |

**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जोशी टोला**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • स्वास्थ्य केन्द्र किराये के भवन में संचालित है। साफ सफाई अच्छी थी परन्तु स्वास्थ्य केन्द्र तक जाने का मार्ग अत्यन्त सकरा है। | • स्वास्थ्य केन्द्र को किसी अन्य भवन मे स्थानान्तरित करने का सुझाव दिया गया। |
| • स्वास्थ्य केन्द्र पर एक चिकित्सक , 01 फार्मासिस्ट, 01 स्टाफ नर्स एवं 03 स्पोर्ट स्टाफ तैनात है। स्वास्थ केन्द्र के आच्छादित क्षेत्र में 10 ए0एन0एम0 तैनात है। | • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत आच्छादित जनसंख्या के आधार पर ए0एनएम0 की तैनाती का सुझाव प्रभारी नोडल एन0यू0एच0एम0 को दिया गया। |
| • कलर कोडेडे बिन उपलब्ध नहीं है तथा बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था नहीं है। | • कलर कोडेडे बिन उपलब्ध कराने तथा बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था कराने का सुझाव दिया गया। |
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा आउटरीच कैम्प का आयोजन किया जा रहा है परन्तु कैम्प रजिस्टर में treatment mention नहीं है | • कैम्प रजिस्टर को सही प्रकार से अद्यतन रखने का सुझाव दिया गया। |
| • ए0एन0सी0 रजिस्टर अपूर्ण है। | • ए0एन0सी0 रजिस्टर अद्यतन रखने का सुझाव दिया गया। |
| • स्वास्थ्य केन्द्र आटो क्लेव उपलब्ध नहीं है आक्सीजन सिलेण्डर खाली रखा है। तथा Fire extinguisher स्टोर में रखा था। | • राज्य स्तर से प्रेषित निर्देश के अनुसार स्वास्थ्य केन्द्र पर उपकरण की उपलब्धता यथाशीघ्र सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया तथा Fire extinguisher को स्टोर से बाहर निकलवाया गया। |

**राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्य बिन्दु–**

- पीलीभीत में 01 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को Health & Wellness Centre के रूप में क्रियाशील किये जाने हेतु राज्य स्तर से निर्देश प्रेषित किये गये थे परन्तु नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को Health & Wellness Centre के रूप में क्रियाशील नहीं कराया गया है।
- जनपद स्तर पर एन0यू0एच0एम0 फ्लैक्सीपूल का खाता नोडल अधिकारी एन0यू0एच0एम0 द्वारा संचालित नहीं किया जा रहा है।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर गठित रोगी कल्याण समिति के खाता एव स्वास्थ्य केन्द्र के एन0यू0एच0एम0 का संचालन नोडल अधिकारी एन0यू0एच0एम0 तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा किया जाना है। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जोशी टोला में चिकित्सक तैनात होने के बाद भी खाते का संचालन चिकित्साधिकारी के द्वारा नहीं कराया जा रहा है।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत आच्छादित जनसंख्या के आधार पर ए0एनएम0 की तैनाती का सुझाव दिया गया।

**जिला महिला चिकित्सालय पीलीभीत –**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • चिकित्सालय में साफ सफाई अच्छी थी। | |
| • प्रसव कक्ष में प्रोटोकाल पोस्टर लगे थे। डिजीटल घडी नहीं थी। | • प्रसव कक्ष में डिजीटल घडी लगाये जाने का सुझाव दिया गया |
| • नवजात को दी जा रही जीरो वैक्सीन प्रसव रजिस्टर में अंकित नहीं की जा रही है। | • नवजात को दी गई जीरो डोज वैक्सीन को प्रसव रजिस्टर में अंकित करने का सुझाव संबंधित स्टाफ को दिया गया। |
| • 102 एम्बूलेंस सेवा द्वारा Home to Hospital लाये गये लाभार्थियो की सूचना Hospital to Hospital रजिस्टर पर की जा रही थी। | • 102 एम्बूलेंस सेवा की सूचना निर्धारित प्रारूप पर कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत लाभार्थियों को भोजन दिया जा रहा है। | |
| • विगत वर्ष 2018–19 में 2952 प्रसव के सापेक्ष 2663 लाभार्थियों का भुगतान किया गया 289 लाभार्थियों का भुगतान लम्बित है। | • विगत वर्ष 2018–19 के लम्बित लाभार्थियों का भुगतान तत्काल कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • रोगी कल्याण समिति के कार्यकारी की बैठक की जा रही है। परन्तु शासी निकाय की बैठक नही की जा रही है। | • रोगी कल्याण समिति के अन्तर्गत गठित समस्त समितियों की नियमानुसार ससमय बैठक आयोजित कराने का सुझाव दिया गया। |
| • मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका द्वारा अवगत कराया कराया गया कि चिकित्सालय में कोई रेडियोलॉजिस्ट तैनात नहीं है जबकि पुरूष चिकित्सालय में 02 रेडियोलॉजिस्ट तैनात है उनमें से 01 रेडियोलॉजिस्ट द्वारा दोनो जगह कार्य किया जाता है | • |

मुख्य चिकित्साधिकारी महोदया के अवकाश पर होने के कारण अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 बी राम के साथ बैठक कर भ्रमण के उपरोक्त बिंदुओं पर चर्चा की गयी तथा सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किये जाने का अनुरोध किया गया।

प्रेषक,

अपर मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
पीलीभीत, उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्याः SPMU/NUHM/Ins. Report/2019-20/12 दिनांकः 13 .05.2019

**विषयः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा किये गये भ्रमण के सम्बंध में।**

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 24 से 27 अप्रैल 2019 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था तथा भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु आवश्यक सुझाव दिये गये (भ्रमण आख्या संलग्न)।

आपको निर्देशित किया जाता है कि राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा पायी गयी कमियों का निराकरण कराते हुये अनुपालन आख्या 01 सप्ताह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीया

(श्रुति)
अपर मिशन निदेशक
तद्दिनांक

पत्र संख्याः SPMU/NUHM/Ins. Report/2019-20/12/1361-7

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक, परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय उत्तर प्रदेश।
3. जिलाधिकारी, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बरेली मण्डल, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
6. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक/अरबन हेल्थ कन्सल्टेंट, बरेली मण्डल, उत्तर प्रदेश।
7. जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक/शहरी स्वास्थ्य समन्वयक, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश।

(श्रुति)
अपर मिशन निदेशक